**रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला**
**रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन**
**भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय**
**चंद्रायनगुट्टा, हैदराबाद-500 005**

**सवेतन प्रशिक्षुता के लिए विज्ञापन (बी.ई. / बी.टेक.)**

(विज्ञापन संख्या: डीएलआरएल/एचआरडी/पीआईएनटी/2026/01)

रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला (डीएलआरएल) डीआरडीओ, रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एक प्रमुख अनुसंधान प्रयोगशाला है। भारत सरकार द्वारा शुरू की गई इंटर्नशिप योजना के हिस्से के रूप में डीएलआरएल, शैक्षणिक वर्ष 2026-2027 में अंतिम वर्ष, बीई/बीटेक करने वाले छात्रों के लिए निम्नलिखित विषयों में इंटर्नशिप की पेशकश कर रहा है:-

| क्र.स. | विषय | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| **01.** | **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी** | **40** |
| **02.** | **कम्प्यूटर साइंस अभियांत्रिकी** | **25** |
| **03.** | **यांत्रिक (मैकेनिकल) अभियांत्रिकी** | **10** |

इच्छुक उम्मीदवार संबंधित कॉलेज से रेफरल/प्रायोजन पत्र के साथ निर्धारित प्रोफार्मा में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम और शर्तें इस प्रकार हैं:

## <u>नियम और शर्तें:</u>

1. शैक्षणिक वर्ष 2026-2027 में अंतिम वर्ष बीई / बीटेक में प्रवेश पाने वाले छात्र प्रशिक्षुता (इंटर्नशिप) के लिए आवेदन कर सकते हैं।
2. बैकलॉग वाले छात्र पात्र नहीं हैं।
3. सवेतन इंटर्नशिप की अवधि 1 जुलाई 2026 से शुरू होने वाले अगले छह महीने तक के लिए है।
4. कुल 30,000 रु. के स्टाईपेंड का भुगतान दो किश्तों में किया जाएगा (3 महीने पूरे होने के बाद 15,000 रुपये और 6 महीने पूरे होने के बाद 15,000 रुपये)। इसके लिए एक महीने में न्यूनतम 15 दिनों की उपस्थिति आवश्यक है।
5. यदि कोई अन्य व्यय, जैसे- आवास, बोर्डिंग, परिवहन, चिकित्सा आदि हो, तो वह इंटर्नशिप के दौरान संबंधित व्यक्ति द्वारा वहन किया जाएगा।
6. 6 महीने की इंटर्नशिप पूरी न करने वाले छात्रों को इंटर्नशिप सर्टिफिकेट नहीं दिया जाएगा।
7. इंटर्नशिप पूरा कर लेना डीआरडीओ में रोजगार की गारंटी नहीं है।
8. रिक्तियों की संख्या अस्थायी है, यदि उपयुक्त उम्मीदवार एक विषय में उपलब्ध नहीं हैं, तो रिक्ति/रिक्तियों को अन्य अनुशासन/विषयों में समायोजित किया जाएगा।
9. चयनित उम्मीदवारों को इंटर्नशिप के नियमों-शर्तों एवं दिशानिर्देशों के साथ मेल के माध्यम से सूचित किया जाएगा।
10. इंटर्नशिप में चयन के बाद, उम्मीदवार को पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा और इसे कार्यभार ग्रहण करते समय प्रस्तुत करना होगा।
11. चयनित छात्रों को कॉलेज लेटर हेड पर प्रिंसिपल से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्रस्तुत करना होगा जिसमें उल्लेख किया गया हो कि छात्र को डीएलआरएल, हैदराबाद में इंटर्नशिप के लिए अनुमति दी जा रही है और छात्र एक महीने में न्यूनतम 15 कार्य दिवसों के लिए उपस्थित होगा।

## चयन प्रक्रिया:

1. चयन योग्यता के आधार पर होगा अर्थात तीसरे(3) वर्ष के पहले सेमेस्टर तक प्राप्त संचयी अंक प्रतिशत / सीजीपीए और यदि आवश्यक हो तो साक्षात्कार / बातचीत के आधार पर।
2. यदि दो उम्मीदवार समान प्रतिशत अंक प्राप्त करते हैं तो चयन के लिए जन्मतिथि पर विचार किया जाएगा और आयु में बड़े उम्मीदवार को वरीयता दी जाएगी।
3. चयनित छात्रों को केवल आवेदन पत्र में उल्लिखित मेल आईडी के माध्यम से कार्यग्रहण प्रक्रियाओं के बारे में सूचित किया जाएगा। अचयनित छात्रों के साथ कोई संचार नहीं किया जाएगा।

## आवेदन की अंतिम तिथि एवं दिशा-निर्देश:

1. उम्मीदवार प्रशिक्षुता के लिए केवल निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करेंगे। आवेदन पत्र निम्नलिखित साइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है:
   https://drdo.gov.in/drdo/en/offerings/vacancies
2. सूची में दिए गए सभी संलग्नकों को आवेदन पत्र के अनुसार प्रस्तुत किया जाना आवश्यक हैं।
3. इच्छुक छात्र, संलग्नकों के साथ लिफाफे पर जिस विषय के लिए उम्मीदवार आवेदन कर रहा है, उस विषय का नाम लिखते हुये "सवेतन प्रशिक्षुता हेतु विषय के लिए आवेदन" शीर्षक के साथ विधिवत भरा हुआ आवेदन निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत करें:

**निदेशक,**
**रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला,**
**भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय,**
**रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन,**
**चंद्रायनगुट्टा लाइन्स, हैदराबाद - 500 005**

4. डीएलआरएल में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15-05-2026 है।
5. अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण, अस्पष्ट और देय तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में आगे किसी भी प्रकार के संचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. किसी भी रूप में अपने चयन हेतु उपार्थना (canvassing) करना एक अयोग्यता होगी।

**हस्ताक्षरित :-**
**अध्यक्ष**
**प्रशिक्षुता चयन समिति**
**निदेशक के लिए, डीएलआरएल**

# DEFENCE ELECTRONICS RESEARCH LABORATORY, HYDERABAD-05.

## APPLICATION FORM FOR PAID INTERNSHIP OF DRDO

(To be filled in Capital letters)

1. Student's Name :
2. B.E/ B. Tech (ECE / CSE / Mech.) :
3. College & University :
4. Aggregate **%** of Marks :
   (Till 3rd year 1st Semester)
5. Contact No & Email I.D. :

*Affix latest passport size photograph*

Signature of the Student

---

List of documents to be enclosed:

1. Aadhar Card, 2. College ID, 3. Bonafide certificate, 4. Marks Sheets (till 3rd year 1st Semester)

---

**REFERRAL/ SPONSORSHIP LETTER FROM RESPECTIVE COLLEGE**

Mr./Ms. ......................................................................is studying B.E/ B.Tech. of ……………Year of…………………………branch, in……………………………………………college during academic year 2025-2026. He / She is permitted to undergo internship in Defence Electronic Research Laboratory(DLRL), Hyderabad, vide advertisement No.& dated …………………………………. for a period of six months as per the schedule.

The above student is studying in our college and we are sponsoring him/ her for Internship at DLRL, Hyderabad. We will be responsible for his/her good conduct during the tenure of the Internship at DLRL and assure that he/she will follow the security norms and discipline of the Laboratory. We undertake the responsibility in case of any breach of security, as in vogue in DLRL.

**Details of marks obtained by the student is as under: -**

| year | Month and Year of Passing | % of marks | In case of CGPA | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | CGPA | Conversion Factor | %of marks |
| 1st | | | | | |
| 2nd - 1st Sem | | | | | |
| 2nd - 2nd Sem | | | | | |
| 3rd - 1st Sem | | | | | |
| Cumulative average marks % | | | | | |

College Contact No.& Email ID:

Principal's Signature with College Seal